आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 18.07.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा–अंडमान सागर में गुयाना के आकार के कई तेल क्षेत्र मिलने की उम्मीद।
- 44वें स्थापना दिवस के अवसर पर नाबार्ड कल और 20 जुलाई को प्रदर्शनी–सह–बिक्री का आयोजन करेगा।
- डुगोंग क्रीक के नौ ओंगी छात्रों ने कक्षा 11 में प्रवेश लेकर पहली बार शैक्षिक उपलब्धि हासिल की।
- पर्यटन विभाग की ओर से कल #डाइविंगदिवस थीम के साथ महिला डाइव दिवस मनाया जाएगा।

<><><><><><><>

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में भू–राजनीतिक परिस्थितियों के बावजूद, भारत ने ऊर्जा उपलब्धता, सामर्थ्य और स्थिरता की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है। नई दिल्ली में एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने उन देशों की सूची का विस्तार किया है जहाँ से वह ऊर्जा आयात करता है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी राउंड–10 के तहत दो लाख वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में और अधिक हाइड्रोकार्बन का अन्वेषण करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य इस वर्ष के अंत तक अन्वेषण क्षेत्र को 5 लाख वर्ग किलोमीटर और 2030 तक दस लाख वर्ग किलोमीटर तक बढ़ाना है। श्री पुरी ने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि सरकार गुयाना के आकार के कई क्षेत्र विशेष रूप से अंडमान सागर में खोजेगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकार तेल और गैस अन्वेषण और उत्पादन के लिए भारत को अगला वैश्विक अग्रणी बनाने हेतु अन्वेषकों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले डेटा की उपलब्धता, वित्तीय प्रोत्साहन, स्थिर नियामक ढांचे, निवेश को जोखिम मुक्त करने और व्यापार करने में आसानी जैसे क्षेत्रों पर काम कर रही है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक –नाबार्ड अपने 44वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में, कल और 20 जुलाई को आईटीएफ मैदान में स्वयं सहायता समूह के उत्पादों की प्रदर्शनी–सह–बिक्री का आयोजन करेगा। इस कार्यक्रम में पिछले चार दशकों में ग्रामीण विकास और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में

नाबार्ड की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला जाएगा। इस मेले में विभिन्न द्वीपों से 100 से अधिक स्वयं सहायता समूह और लगभग 40 से अधिक कारीगर शामिल होंगे, जो भौगोलिक संकेत –जीआई उत्पाद और हस्तशिल्प का प्रदर्शन करेंगे। यह मेला क्षमता निर्माण, कौशल विकास, बाजार संपर्क और वित्तीय साक्षरता के माध्यम से ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के नाबार्ड के व्यापक मिशन का हिस्सा है।

<><><><><><><><><><>

देश से क्षय रोग उन्मूलन के तहत टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इस सिलसिले में, कल दक्षिण अंडमान जिले के सभी पंचायत प्रधानों के लिए टीबी मुक्त भारत अभियान पर एक संवेदीकरण सत्र ग्रामीण विकास विभाग के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया गया। इसमें दक्षिण अंडमान जिले के प्रधानों और ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप से, जबकि मध्योत्तर अंडमान और निकोबार जिलों के प्रधान वर्चुअल रूप से सत्र में शामिल हुए। सत्र के दौरान, एनटीईपी के संयुक्त सचिव डॉ. पी. लाल ने प्रतिभागियों को वैश्विक टीबी रिपोर्ट 2024 के अनुसार टीबी में कमी लाने में भारत की उल्लेखनीय प्रगति, द्वीपसमूह में टीबी की स्थिति, जांच प्रक्रिया और 2023–24 के लिए घोषित टीबी मुक्त पंचायतों की स्थिति के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><><><><>

डॉल्फिन संरक्षण जागरूकता अभियान के तहत जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय की एन एस एस इकाई–1 की ओर से कल महाविद्यालय में डॉल्फिन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम "प्रोजेक्ट डॉल्फिन" पहल का एक हिस्सा था, जो डॉल्फिनों के संरक्षण के लिए सरकार द्वारा संचालित एक प्रयास है। इस कार्यक्रम में शैक्षिक सत्र, वीडियो स्क्रीनिंग और समुद्री जीवन, विशेष रूप से डॉल्फ़िन की रक्षा के लिए शपथ जैसी गतिविधियाँ शामिल थीं। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एच. के. शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में जलीय एवं समुद्री जीवन और नदी एवं महासागर के पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने में डॉल्फ़िन के महत्व पर प्रकाश डाला। पांडिचेरी विश्वविद्यालय ब्रुक्शाबाद, समुद्री जीव विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. टी. गणेश ने डॉल्फ़िन और समुद्री जीवन संरक्षण पर जानकारी दी। इससे पहले, उपस्थिति का स्वागत करते हुए एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कांडीमुत्थु ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य पशु एवं प्रकृति संरक्षण के बारे में सक्रिय जागरूकता पैदा करना है। कार्यक्रम में लगभग 200 छात्रों ने भाग लिया।

<><><><><><><><><><>

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के तीनों जिलों के पंचायतों के लिए मतदाता सूची तैयार कर ली गई है। मतदाता सूची संबंधित क्षेत्रों के सहायक आयुक्त और तहसीलदार कार्यालय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। इस संबंध में दावे और आपत्तियां दो अगस्त तक फॉर्म–2 में भरकर जमा किया जा सकता है।

उधर, अंडमान निकोबार द्वीप समूह के नगरपालिका क्षेत्र के लिए मतदाता सूची तैयार की गई है। मतदाता सूची श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद कार्यालय के अलावा संबंधित सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों के कार्यालय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। द्वीपसमूह के लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं के नामों को शामिल करने या हटाने के संबंध में कोई सुझाव या आपत्ति दो अगस्त तक फॉर्म–2 में दर्ज कर परिषद के कार्यालय या सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के पते पर जमा किया जा सकता है।

<><><><><><><>

डुगोंग क्रीक के नौ ओंगी छात्रों ने पीएम श्री सीनियर सेकेण्डरी स्कूल आर.के. पुर में कला संकाय में कक्षा 11 में प्रवेश लिया है। ओंगी छात्रों ने पहली बार इस शैक्षिक उपलब्धि को हासिल किया है। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य और अंडमान आदिम जनजाति विकास समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति में एक विशेष समारोह के दौरान ओंगी छात्रों के लिए एक समर्पित कक्षा का उद्घाटन किया गया।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग, नॉर्थ बे स्थित डाइव एसोसिएशन और केंद्रों के सहयोग से, कल #डाइविंगदिवस थीम के साथ महिला डाइव दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत स्वराज द्वीप और शहीद द्वीप के सभी डाइविंग स्थलों पर पानी के नीचे सफाई अभियान चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य डाइविंग केंद्र महिला प्रतिभागियों के लिए विशेष रियायती दरों पर विशेष डाइव का आयोजन करना है, ताकि नॉर्थ बे में उनकी भागीदारी को बढ़ाया जा सके। पर्यटन विभाग अग्रणी महिला डाइविंगों और प्रशिक्षकों के साथ–साथ डाइविंग समुदाय में उनके योगदान के लिए सहायक एसोसिएशनों को सम्मानित करना है। नॉर्थ बे में मुख्य कार्यक्रम कल सुबह 10 बजे शुरू होगा। यह पहल पर्यटन विभाग की साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने,

स्कूबा डाइविंग जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने और द्वीपों की समृद्ध समुद्री जैव विविधता को संरक्षित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। पंजीकरण के लिए, सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय के साहसिक जल क्रीड़ा प्रकोष्ठ से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

प्रशासनिक कारणों से कल की एमवी नॉर्थ पैसेज की लिटिल अंडमान के लिए निर्धारित यात्रा कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है। जिन यात्रियों के पास एमवी नॉर्थ पैसेज के टिकट हैं उन्हें अपने टिकट रद्द करा पैसे वापस लेने की सलाह दी गई है। हालांकि, यात्रियों की सुविधा के लिए, जलयान नालंदा कल सुबह 8 बजे हैडो जेट्टी से लिटिल अंडमान के लिए रवाना होगा और रात नौ बजे लिटिल अंडमान से श्री विजयपुरम वापस आएगा। आम जनता के लिए यात्री टिकट आज सुबह 9 बजे से टिकटिंग पोर्टल और स्टार्स टिकटिंग काउंटरों से जारी किए जाएगें।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम के डीब्रेट और डिगलीपुर के राजकीय पॉलिटेक्निक शैक्षणिक सत्र 2025–26 मे प्रवेश के लिए अस्थाई वरीयता सूची 22 जुलाई को सामान्य कॉलेज एडमिशन पोर्टल पर जारी की जाएगी। दावे और आपत्तियाँ 24 जुलाई तक स्वीकार किए जाएंगे। अंतिम वरीयता सूची 28 जुलाई को जारी किया जाएगा। परामर्श उनतीस जुलाई से आयोजित होगी और कक्षाएं 06 अगस्त से आरंभ होगी।

<><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में शैक्षणिक वर्ष 2025–26 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों की श्रेणीवार अस्थाई वरीयता सूची आज सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल वेबसाइट पर जारी की जाएगी। इस संबंध में दावे और आपत्तियां इक्कीस जुलाई तक शाम 4 बजे तक ऑफ़लाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से कॉलेज की प्रवेश शाखा में जमा किए जा सकते हैं। अंतिम मेरिट सूची 23 जुलाई को प्रदर्शित की जाएगी और काउंसलिंग 28 जुलाई से आयोजित की जाएगी।

<><><><><><>

गुडविल एस्टेट स्थित विज्ञान केंद्र में कल बबल शो का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम छः बजकर दस मिनट से शुरू होगा। इसमें सभी आयु वर्ग के बच्चे भाग ले सकते हैं। बबल शो के लिए प्रवेश

शुल्क 10 रुपये प्रति व्यक्ति निर्धारित किया गया है। इसके अलावा, शाम 5.30 बजे से एक विशेष 3डी शो का भी आयोजन होगा। इस शो के लिए प्रवेश शुल्क 20 रुपये प्रति व्यक्ति है।

<><><><><><><>

76वां वन महोत्सव मनाए जाने के सिलसिले में सीनियर सेकेण्डरी स्कूल चैनपुर में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया गया। इस अवसर पर प्रभागीय वन अधिकारी लता हेगड़े प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। उन्होंने हर बच्चे के जन्मदिन पर एक पौधा लगाकर उसे उपहार देने को कहा, जिससे पर्यावरण को लाभ हो। उन्होंने सभी अपने घर के आस–पास पौधे लगाने का भी अनुरोध किया।

<><><><><><><>